प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.11.2025 समय : 09.00 ए.एम.

00000

- बारां की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए स्टार प्रचारकों की जनसभाओं का दौर जारी।
- प्रदेश में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत पिछले दो दिनों में 36 लाख गणना प्रपत्र बांटे गए।
- लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा में आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण करेंगे।
- राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे–राज्यस्तरीय समारोह जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में होगा।

00000

प्रदेश में बारां की अंता विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए प्रचार 9 नवम्बर की शाम को थम जायेगा। इससे पहले विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारक अपने प्रत्याशियों के समर्थन में वोट जुटाने में कोई कसर नहीं छोड रहे है। निर्दलीय प्रत्याशी भी मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए जोर शोर से जुटे हुए है।

.....

उधर बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में आज 18 जिलों के 121 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान हो रहा है। इनमें पटना, बेगूसराय, गोपालगंज, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहित अन्य जिले शामिल हैं। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ, जो शाम 6 बजे तक चलेगा। स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं।

0000

प्रदेश में मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी है। पिछले दो दिनों में 36 लाख गणना प्रपत्र बांटे गए है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने ये जानकारी देते हुए बताया कि विभिन्न जिलों में बीएलओ ने घर–घर जाकर ये गणना प्रपत्र मतदाताओं को दिए। उन्होंने बताया कि चित्तौडगढ और अलवर जिले में सबसे अधिक फॉर्म बांटे गए। प्रदेश के सभी मौजूदा मतदाताओं के लिए नए गणना फॉर्म की छपाई की जा रही है। इसके अलावा वर्तमान मतदाताओं की पिछली एसआईआर मतदाता सूची के साथ मैपिंग भी की जा रही है। श्री महाजन ने बताया कि 40 वर्ष से अधिक आयु के 84 दशमलव 98 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग की जा चुकी है। साथ ही इससे कम आयु के लगभग 53 प्रतिशत मतदाताओं की भी मैपिंग कर ली गई है। इस प्रकार राज्य के कुल 68 प्रतिशत मतदाता पिछली विशेष गहन पुनरीक्षण की मतदाता सूची से मैप हो गए है। मैप हो चुके मतदाताओं को गणना फॉर्म में सूचनाओं को भरना है और किसी भी प्रकार का कोई दस्तावेज नहीं देना है।

0000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। कल से शुरू हुए इस तीन दिवसीय अभियान के दौरान मेडिकल कॉलेज से जुड़े अस्पतालों, जिला अस्पतालों, मातृ और शिशु कल्याण केंद्रों, उप जिला अस्पतालों, सीएचसी, पीएचसी तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों का निरीक्षण किया जा रहा है। चिकित्सा संस्थानों में भवन और साफ–सफाई की स्थिति, मानव संसाधन की उपलब्धता, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, ओपीडी, आईपीडी में मरीजों की संख्या की जानकारी ली जा रही है। साथ ही निःशुल्क दवा तथा जांच योजना के क्रियान्वयन का निरीक्षण किया जा रहा है।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला आज कोटा के तलवंडी में आयुर्वेद योग और प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, विधायक संदीप शर्मा तथा राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर के कुलगुरू प्रोफेसर गोविंद सहाय शुक्ल मौजूद रहेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि ये महाविद्यालय 64 हजार वर्गफीट में बनाया गया है, जिसमें कई अत्याधुनिक सुविधाएं मौजूद है।

......

0000

राष्ट्रगीत "वंदे मातरम" के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कल से देशभर में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में होने वाले एक वर्ष के स्मरणोत्सव का उद्घाटन करेंगे। संस्कृति मंत्रालय की ओर से ये समारोह आयोजित किया जायेगा। इधर प्रदेश में भी राज्यस्तरीय समारोह एमएसएस स्टेडियम में आयोजित किया जायेगा। पर्यटन विभाग के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव ने कल आयोजन की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों तथा आमजन की अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

....

0000

देव उठनी एकादशी से ही प्रदेशभर में मांगलिक कार्यक्रमों और विवाहों की शुरूआत हो गई है। इसके चलते पाली के सोजत की मेहंदी की मांग लगातार बढ रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इससे किसानों को अच्छी आमदनी हो रही है।

.....

00000

भारतीय नौसेना, इक्षक जहाज को औपचारिक रूप से आज सेवा में शामिल करेगी। कोच्चि स्थित नौसेना अड्डे पर ये जलावतरण समारोह आयोजित किया जायेगा। इसमें नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि इक्षक भारतीय नौसेना की जल सर्वेक्षण क्षमताओं को बढ़ाएगा। ये जहाज निर्माण में भारत की बढ़ती आत्मनिर्भरता का उदाहरण है। इस पोत को बंदरगाहों और नौवहन चैनलों के तटीय और गहरे जल सर्वेक्षण करने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल नई दिल्ली में अपने आवास पर महिला विश्व कप क्रिकेट के विजेताओं से मुलाकात की। श्री मोदी ने महिला क्रिकेट टीम को उनकी जीत पर बधाई दी और लगातार तीन हार के बाद टूर्नामेंट में उनकी उल्लेखनीय वापसी की प्रशंसा की।

00000